तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

12 ग्रामीणों ने स्कूल-पंचायत भवन मार्ग की सफाई की...



12 सेवा संकल्प अभियान में घर-घर पहुंचीं शासन की...



खबर संक्षेप



ग्राम सभाओं में पारित हुआ साइबर जागरूकता प्रस्ताव

कांकेर। गांधी जयंती के अवसर पर साइबर जागृति अभियान के अंतिम दिवस कांकेर पुलिस ने जिले में विशेष जन-जागरूकता पहल की। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्राम सभाओं में साइबर चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, संदिग्ध कॉल-लिंक तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी दी। जिले की 400 से अधिक ग्राम सभाओं में साइबर जागरूकता संबंधी प्रस्ताव पारित कर ग्रामीणों ने ओटीपी, यूपीआईपिन, पासवर्ड व बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करने का संकल्प लिया।

फांसी लगाकर दे दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा कांकेर निवासी 16 वर्षीय रिद्विमा यादव पिता हेमंत यादव ने अज्ञात कारणों के चलते 1 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का मौत फांसी लगाने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जहर खाकर युवक ने दी जान, जांच शुरु

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीवी 67 सत्यनगर निवासी 42 वर्षीय समीर राय पिता प्रफुल्ल राय ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 1 अक्टूबर को मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

कांग्रेस ने गाँधी जी और शास्त्री की मनाई जयंती



भानुप्रतापपुर। ब्लॉक काँग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के द्वारा 2 अक्टूबर को अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर सुनील बबला पाढ़ी की उपस्थिति में अहिंसा, शांति, सत्य के पुजारी, स्वतंत्रता आंदोलन को मंजिल तक पहुंचाने वाले महात्मा गाँधी तथा देश के द्वितीय प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, मुकेश चंद्राकर, विजय धामेचा, जितेन्द्र बेंजामिन, गोपाल राठी, किरण डोंगरे, श्यामबती यादव, नितेश योगी, दीनदयाल पटेल, रवि दुग्गा, निर्मल शिवहरे, बलदू नरेटी, तमेश पटेल सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहें।

नरहरपुर के 15 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया जिपं में अब 10 नहीं 6 को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नगर पंचायत नरहरपुर में आगामी निर्वाचन 2026 को लेकर चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पंचायत के 15 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अब 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। पहले यह प्रक्रिया 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निर्धारित थी, लेकिन प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए नई तिथि तय की गई है। आरक्षण प्रक्रिया को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी हलचल बढ़ने की संभावना है।

नगर पंचायत नरहरपुर निर्वाचन 2026 के लिए वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नगर पालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षण नियम 1994 के प्रावधानों के तहत संपन्न कराई जाएगी। नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड हैं, जिनके लिए निर्धारित नियमों के अनुसार आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से नागरिकों की मौजूदगी में संपन्न होगी, जो नागरिक वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखना चाहते हैं, वे 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जिला पंचायत कांकेर के सभा कक्ष में उपस्थित हो सकते हैं। इससे इच्छुक नागरिक आरक्षण की पूरी प्रक्रिया को अपने समक्ष होते हुए देख सकेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि नगर पंचायत नरहरपुर के सभी 15 वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित नियमों और निर्देशों के अनुरूप समय-सीमा में पूरी की जाए। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद नरहरपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में चुनावी समीकरण भी स्पष्ट होने लगेंगे।

सुबह 10 बजे से शुरू होगी आरक्षण प्रक्रिया, नागरिकों की मौजूदगी में होगा वार्डों का आरक्षण



अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

वार्ड आरक्षण की कार्यवाही को सुचारू एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत नरहरपुर रोशन सिंह ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सहायक ग्रेड 03 गणेश राम ध्रुव को सहायक कर्मचारी के रूप में दायित्व सौंपा गया है।

सियासत : कांकेर विधानसभा में 17614, भानुप्रतापपुर में 27291 और अंतागढ़ में 8809 वोट दर्ज

युवा कांग्रेस चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी, स्क्रूटनी के बाद आएगा परिणाम

युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के तहत 30 अगस्त से शुरू हुई ऑनलाइन सदस्यता और मतदान प्रक्रिया 29 सितंबर की शाम 5 बजे पूरी हो गई। मतदान समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं की नजर स्क्रूटनी, सत्यापन और अंतिम परिणाम पर टिक गई है।

तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान पर



परिणाम पर टिकी निगाहें

मतदान खत्म होने के बाद जिला अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच परिणाम को लेकर उत्सुकता तेज हो गई है। हालांकि किस प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम जाएगा, यह स्क्रूटनी और सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगा। युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर पहले भी विभिन्न स्तरों पर शिकायतें और प्रक्रिया संबंधी सवाल सामने आए हैं, इसलिए अब स्क्रूटनी के दौरान रिकॉर्ड की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिला में ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय तक चली, परंतु कई जगह गड़बड़ी की भी चर्चाएं बनी हुई है। कांकेर जिले में जिला अध्यक्ष पद के लिए 03 प्रत्याशी अमन मंडावी, शुभम ठाकुर एवं यशपाल कांगे, ग्रामीण अध्यक्ष के लिए 05 प्रत्याशी तोमेश्वर दर्रो, खेमचंद्र नाग, हर्षदीप कावड़े, पंकज कुमार पोया और इंद्रभान टांडिया, कांकेर विधानसभा अध्यक्ष के लिए 19, भानुप्रतापपुर विधानसभा के लिए 15 और अंतागढ़ विधानसभा के अध्यक्ष के लिए 15 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। कांकेर विधानसभा में 16,741, भानुप्रतापपुर में 25,128 और अंतागढ़ विधानसभा में 11,999 वोट दर्ज किए गए हैं।

मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव से संबंधित रिकॉर्ड और आंकड़ों की अब संगठनात्मक जांच की जाएगी। प्रत्याशियों की ओर से कराई गई सदस्यता तथा मतदान से जुड़े रिकॉर्ड की स्क्रूटनी और आवश्यक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद चुनाव प्राधिकरण की प्रक्रिया पूरी होने पर अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार अंतिम परिणाम घोषित होने में समय लग सकता है। ऐसे में प्रत्याशियों को अब चुनावी प्रक्रिया के अगले चरण और आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा।

फर्जी मतदान के आरोप

जिला युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में कथित फर्जी मतदान, पहचान सत्यापन में गड़बड़ी और चुनाव प्रक्रिया में संदेह की शिकायतें सामने आई हैं। हरिभूमि की एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि महज आठ घंटों में वोटिंग प्रक्रिया तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आभासी नंबरों के जरिए पहचान का दुरुपयोग कर मतदान कराया गया।

जाँच की माँग की

युवक कांग्रेसियों के मध्य चर्चा है कि फर्जी मतदान के दौरान करीब 15 मिनट के अंतराल में 50-50 की संख्या में संदिग्ध वोट डाले जाने की बात सामने आई है। इसके साथ ही मतदान के लिए इस्तेमाल की जा रही चुनाव प्रणाली और आवेदन में तकनीकी जटिलता तथा उसे हैक किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

सार्वजनिक स्थल पर गाली-गलौज को रोकने गए ग्रामीण पर लकड़ी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



घर के सामने पत्नी से गाली-गलौज कर रहे युवक को समझाना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। बात इतनी बढ़ी कि आरोपी ने युवक से गाली-गलौज करते हुए पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की और इसके बाद लकड़ी के पाटे से उसके सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और खून निकलने लगा। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने के बाद किसी तरह विवाद शांत कराया गया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में कोरर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम केंवटीनटोला निवासी जागेश्वर चुरेन्द्र 30 सितंबर की शाम करीब साढ़े 7 बजे अपने घर के सामने बरामदे में बैठा था। इसी दौरान गांव का कपिल निषाद वहां पहुंचा और अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। घर के सामने इस तरह विवाद और गाली-गलौज होता देख जागेश्वर ने कपिल को पत्नी से घर के अंदर जाकर विवाद करने तथा मोहल्ले के सामने गाली-गलौज नहीं करने की समझाइश दी। ऐसा समझाईश देने पर आरोपी को समझाईश देना नागवार गुजरा और नाराज होकर शिकायतकर्ता से ही गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

इसी दौरान आरोपी ने पास में रखे लकड़ी के पाटे को उठाकर शिकायतकर्ता के सिर पर वार कर दिया। वार लगते ही उसके सिर से खून निकलने लगा और वह घायल हो गया। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों के बीच चल रहे विवाद में बीच-बचाव किया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल शिकायतकर्ता को उपचार के लिए सीएचसी धनेलीकन्हार ले जाया गया।

घटना की शिकायत के आधार पर थाना कोरर पुलिस ने आरोपी कपिल निषाद के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

मोबाइल चोरी के बाद खाते से उड़ाए 5.23 लाख रु., आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी होने के बाद उसके जरिए बैंक खाते की जानकारी हासिल कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने पीड़ित के बैंक खाते से 13 अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 5 लाख 23 हजार 989 रुपये 36 पैसे विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए।

- 13 बार में रकम दूसरे खातों में किया ट्रांसफर

पुलिस के अनुसार ग्राम ठेलकाबोड़ विश्रामनगर निवासी 49 वर्षीय डिजेश कुमार सिन्हा कांकेर के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। शाम करीब 4 बजे उन्हें पता चला कि उनका मोबाइल फोन गायब है।



मोबाइल में जियो कंपनी का सिम लगा था। पीड़ित ने मोबाइल चोरी होने के बाद संबंधित सिम बंद कराया और उसी नंबर का नया सिम लेकर नया मोबाइल खरीदा।

पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए मोबाइल में उनके आधार कार्ड तथा सेंट्रल बैंक खाते से संबंधित जानकारी भी मौजूद थी। इसी जानकारी का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैंक खाते से लगातार 13 बार रकम दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर शेष पेज 10 पर

नामावली पुनरीक्षण के लिए अधिकारी नियुक्त

कांकेर। नगर पंचायत नरहरपुर के आम निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेश के अनुसार एसडीएम कांकेर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार नरहरपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर कांकेर को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत की गई है।

ग्राम रोड़े में दो दिनी रामधुनी प्रतियोगिता

धनेलीकन्हार। कांकेर ब्लॉक के ग्राम रोड़े दो दिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में धमतरी, राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, कुरुद, मानपुर और भखारा क्षेत्र की रामधुनि मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मिथलेश मंडावी व अशोक कचलाम होंगे। समापन कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम व विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि रहेंगी।

नक्सलियों का डंप 20 लाख नकदी की जब्ती पर दो डीएसपी पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कथित नक्सली डंप से बरामद 20 लाख रुपये की राशि को लेकर कांकेर में राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। टोंडामरका एवं मरकाकुनारी के जंगलों में अभियान के दौरान बरामद बताई जा रही इस राशि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने दो तत्कालीन डीएसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बसंत यादव का आरोप है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा अभियान के दौरान यदि वास्तव में 20 लाख रुपये नक्सली डंप से बरामद किए गए थे, तो इस पूरी कार्रवाई की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने राशि की बरामदगी से लेकर उसकी जब्ती, मालखाना में जमा किए जाने तथा आगे की कानूनी कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज और रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इतनी बड़ी नकद राशि की बरामदगी सामान्य मामला नहीं है। ऐसे में बरामदगी की परिस्थितियों, पंचनामा, जब्ती प्रक्रिया, मालखाना रिकॉर्ड तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका की स्पष्ट जानकारी सामने आना जरूरी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि दोनों तत्कालीन डीएसपी पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया के समक्ष की है। उनका कहना है कि एसपी स्तर से की गई प्राथमिक जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय तक पहुंचने के करीब दो माह बाद भी दोनों अधिकारियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। इसे लेकर शेष पेज 10 पर

- जिलाध्यक्ष बसंत यादव ने जांच व रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की



कलेक्टोरेट परिसर में रैली-प्रदर्शन पर रोक



कांकेर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 02 अक्टूबर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर के आसपास के 200 मीटर की दूरी में सभी प्रकार की धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

अभिजीत का 19 घंटा और शाहिल का 30 घंटे बाद मिला शव

करकाघाट हादसे के पीड़ित परिवार से विधायक विक्रम ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

महाराष्ट्र सीमा पर स्थित बांडा नदी के करका घाट में पिकनिक के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में लापता दोनों स्कूली छात्रों के शव आखिरकार बरामद कर लिए गए। पीव्ही-109 गोपालपुर निवासी अभिजीत बिस्वास का शव करीब 19 घंटे बाद, जबकि पीव्ही-105 विकासपल्ली निवासी शाहिल वर्मन का शव लगभग 30 घंटे की लगातार तलाश के बाद नदी से बाहर निकाला गया। विधायक विक्रम उसेंडी ने पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार शासकीय उमावि इरपनार में कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत 9 छात्र पिकनिक मनाने महाराष्ट्र के करकाघाट पहुंचे थे। इसी दौरान नदी में नहाते समय अभिजीत और शाहिल गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते पानी में समा गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

दोनों शव मिलने के बाद घटनास्थल पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों में मातम छा गया। दोनों शवों को आवश्यक कार्रवाई एवं पोस्टमार्टम के लिए महाराष्ट्र के एटापल्ली भेजा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेस्क्यू अभियान के दौरान महाराष्ट्र पुलिस की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला, जिसके कारण शवों को बरामद करने में देरी हुई। दोनों छात्रों के शव मिलने के बाद उनके गांव पीव्ही-109 गोपालपुर और पीव्ही-105 विकासपल्ली में शोक की लहर है। एक साथ दो परिवारों पर आई इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

टीम-ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

हादसे की जानकारी के बाद जिले से पहुंची सर्चिंग टीम, स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों ने नदी में व्यापक रेस्क्यू अभियान चलाया। नदी की गहराई और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच कई घंटों तक तलाश जारी रही। लगातार प्रयासों के बाद पहले अभिजीत का शव बरामद हुआ। इसके बाद दूसरे छात्र शाहिल की तलाश जारी रखी गई और करीब 30 घंटे बाद उसका शव भी खोज निकाला गया।

रेस्क्यू टीम-ग्रामीणों ने चलाया अभियान





जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी, पूर्व विधायक अनूप नाग सहित कार्यकर्ताओं की टीम मौके पर पहुंची। जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से पैदल बुजुर्ग गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 63 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैरों और सिर में चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर किया, जिसके बाद परिजन घायल को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं।

ग्राम सिरसिदा के पटेलपारा निवासी परमिला सेन पति नंद कुमार सेन ने थाना चारामा में लिखित आवेदन देकर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आवेदन के मुताबिक उनके पति 63 वर्षीय नंद कुमार सेन पिता स्व. गन्नी राम सेन किसी काम से दूसरे घर गए थे। काम पूरा करने के बाद वे पैदल अपने घर वापस लौट रहे थे। ताया गया है कि नंद कुमार सेन जब मेन रोड पर पहुंचे, उसी दौरान चौड़ी की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 8455 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद नंद कुमार सेन सड़क पर गिर गए और उनके दोनों पैरों तथा सिर में गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उनकी स्थिति को देखते शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

हल्बा के मेगा शिविर में 523 ग्रामीणों का ओपीडी पंजीयन

कांकेर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चारामा विकासखंड के ग्राम हल्बा में सेवा सेतु सह मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हल्बा सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया तथा विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 523 लोगों ने ओपीडी पंजीयन कराया। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 31 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जबकि 12 लोगों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड तत्काल बनाए गए। इस प्रकार कुल 43 हितग्राहियों को आयुष्मान योजना से संबंधित कार्ड की सुविधा शिविर में ही उपलब्ध कराई गई। मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ग्रामीणों को गांव में ही उपलब्ध हुईं। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 27 महिलाओं, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा 64, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा 48, शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा 2 तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 129 लोगों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच के बाद आवश्यकता वाले 89 लोगों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर में 168 लोगों की मुख जांच तथा 250 लोगों की लैब जांच की गई, जिसमें 218 सामान्य लैब जांच एवं 32 एचएलएल जांच शामिल हैं, वहीं 60 लोगों का एक्स-रे, 6 लोगों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

12 लीटर अंग्रेजी व देसी शराब बरामद, 1 गिरफ्तार



कांकेर। उजियारा अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 1 अक्टूबर को थाना भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम घटा पटेल पर में अंग्रेजी व देशी शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम घोठा पटेलपारा रवाना होकर मुखबीर के बताएं स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पटेलपारा घोठा निवासी 55 वर्षीय बलदेव कोरेटी पिता स्व. रउनू राम कोरेटी होना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सिंबा बियर 11 नग प्रत्येक में 650 एमएल कुल 7 लीटर 150 एमएल, कीमती 2310 रुपए, 1 नग स्टोक बियर 650 एमएल कीमती 210 रुपए, 1 नग जम्मू व्हिस्की पवार 180 एमएल कीमती 120 रुपए, 01 नग गोवा व्हिस्की पौवा 180 एमएल कीमती 120 रुपए, 02 नग बन शाट व्हिस्की पौवा प्रत्येक में 180 एमएल कीमती 440 रुपए, 32 नग शोले देसी प्लेन मदिरा पौवा प्रत्येक में 180 एमएल कुल 5 लीटर 760 एमएल कीमती 2560 रुपए, 06 नग सुपर 36 देसी प्लेन पौवा प्रत्येक में 180 एमएल कुल 1 लीटर 80 एमएल कीमती 480 रुपए को बरामद कर जफ्त किया गया।

सार्वजनिक शौचालय बदहाल सफाई और मरम्मत की मांग

कोरर। ग्राम पंचायत डोंगरगांव द्वारा आम लोगों की सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्मित सार्वजनिक शौचालय इन दिनों बदहाली का शिकार है। शौचालय परिसर की मौजूदा स्थिति को देखकर इसके नियमित रखरखाव और साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। मौके पर शौचालय भवन की दीवारों पर गंदगी और सीलन के निशान दिखाई दे रहे हैं। भवन के आसपास झाड़ियां उग आई हैं, वहीं परिसर में जगह-जगह मलबा और कचरा जमा होने से वातावरण भी अव्यवस्थित नजर आ रहा है। लंबे समय से समुचित देखरेख के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सार्वजनिक शौचालय का निर्माण आम नागरिकों की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखकर किया गया था।

भाजपा ने श्रमदान करके की साफ-सफाई, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को नगर नरहरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से लेकर थाना चौक तक सड़क किनारे एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया और साथ ही आमजन को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की गई।

जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ और विकसित समाज की पहली पहचान है। स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा, जब इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर के साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए, तो हमारा नगर निश्चित रूप से स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। भाजपा कार्यकर्ता व पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाजहित से जुड़े कार्यों को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। आसपास गंदगी रहने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे कचरा खुले में न फेंकें, अपने आसपास साफ-सफाई रखें तथा स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अभियान में लक्ष्मी नारायण साहू, आसकरण ध्रुव, रामेश्वर साहू, लीला सिन्हा, सुशीला सिन्हा, उमा सिन्हा, आशा रावटे, मनोरमा साहू, रूखमणी सिन्हा, कचरा सोनवंशी, लियाकत अली सहित स्काऊट्स के छात्र व नगर पंचायत के सफाई मित्र उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर भाजपा व रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुर्गूकोंदल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की।

स्वच्छता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में झाड़ू लेकर मुख्य मार्ग, चौक-चौराहों और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। सड़क किनारे तथा सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे कचरे को एकत्र कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि नियमित जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित अभियान के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं ने नियमित रूप से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बिदेसिंग कल्लो, रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, धरम मंडावी, संजय उयके, सिरों कोमरे, सरपंच मुकेश नरेटी, बिसेन पुड़ो, बसंत सलाम सहित विद्यालय के शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृषि अधिकारी संघ गैर-विभागीय कार्यों पर बिफरे, मुक्ति की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

खरीफ फसल गिरदावरी वर्ष 2026-27 को लेकर प्रशासन और मैदानी अमले के बीच कार्यविभाजन का मुद्दा सामने आया है। पीवी ऐप के माध्यम से गिरदावरी कार्य में कृषि अधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ कृषि अधिकारी संघ भानुप्रतापपुर ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने कृषि अधिकारियों को राजस्व विभाग से संबंधित गैर-विभागीय कार्यों से मुक्त करने की मांग की है।

संघ का कहना है कि फसल गिरदावरी, सीमांकन, बटांकन और राजस्व अभिलेखों के संधारण जैसे कार्य राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी दायरे से जुड़े हैं। कृषि विस्तार अधिकारियों को नक्शा-बटांकन संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण नहीं मिला है और प्रत्येक खसरे की वास्तविक सीमाओं तथा राजस्व अभिलेखों की जटिलताओं से परिचित होना भी उनके मूल कार्यक्षेत्र का हिस्सा नहीं है। ऐसे में कृषि अधिकारियों से पीवी ऐप के माध्यम से राजस्व संबंधी गिरदावरी कार्य कराया जाना व्यावहारिक नहीं है। कृषि अधिकारी संघ भानुप्रतापपुर की अध्यक्ष पदमनी नेताम ने कहा कि कृषि विभाग का मैदानी अमला शासन द्वारा सौंपे गए विभागीय दायित्वों का लगातार निर्वहन कर रहा है। इसके बावजूद कृषि अधिकारियों को उनके मूल पदस्थापन विकासखंड से बाहर अन्य विकासखंडों में भी राजस्व विभाग से संबंधित निरीक्षण कार्यों में लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गूकोंदल सहित अन्य क्षेत्रों में विभिन्न पटवारी हलकों के अंतर्गत आने वाले गांवों में 20 प्रतिशत खसरों के निरीक्षण की जिम्मेदारी कृषि अमले को दी जा रही है। दूसरे विकासखंडों में लगातार ड्यूटी लगाए जाने से कृषि अधिकारियों का मूल कार्यक्षेत्र प्रभावित हो रहा है। संघ के अनुसार इसका असर किसानों से जुड़े विभागीय कार्यों, कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन तथा किसानों की समस्याओं के निराकरण पर भी पड़ रहा है। कृषि अधिकारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि कृषि अधिकारियों को उनके मूल विभागीय दायित्वों के अनुरूप कार्य करने दिया जाए और गैर-विभागीय राजस्व कार्यों से मुक्त किया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आपत्तियों के बावजूद कृषि अधिकारियों को पीवी ऐप से राजस्व संबंधी गिरदावरी कार्य के लिए बाध्य किया गया अथवा इस संबंध में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई, तो प्रांतीय संगठन के आह्वान पर आंदोलन एवं हड़ताल का रास्ता अपनाया जाएगा।

लोनिवि की जमीन पर कब्जे पर ग्रामीणों में आक्रोश, ग्राम सभा में जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

लोक निर्माण विभाग सरोना की जमीन पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर शुक्रवार को आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने स्थित खाली शासकीय जमीन पर गौतम सुरोजिया एवं शिवलाल सिन्हा द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा में बताया कि उक्त जमीन पर कथित कब्जे को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में कई बार राजस्व विभाग में आवेदन देकर अवैध निर्माण एवं कब्जा हटाने की मांग की गई थी। ग्रामीणों के अनुसार आवेदन दिए करीब एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अब तक मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में गौतम सुरोजिया एवं शिवलाल सिन्हा द्वारा उक्त जमीन पर तार से घेराबंदी की गई थी। अब आरोप है कि उसी स्थान पर पक्का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने शासकीय भूमि की स्थिति स्पष्ट करते हुए कथित अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। मामले को लेकर ग्राम सभा के दौरान ही तहसीलदार को फोन के माध्यम से अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके की जांच कराकर जमीन की स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि कब्जा अवैध पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निर्माण हटाया जाए। सरपंच दीपिका वट्टी एवं उपसरपंच दिनेश सहारे ने बताया कि कथित अवैध कब्जा हटाने के लिए करीब एक वर्ष पहले ही राजस्व विभाग में आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए पंचायत स्तर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरपंच एवं उपसरपंच ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई और कथित अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, तो ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

गांधीजी के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



पेंशनर धारी कल्याण संघ शाखा चारामा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन, विचारों और सिद्धांतों को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन की सार्थकता उसकी उपयोगिता में निहित है। जो व्यक्ति समाज और मानवता के लिए अपने जीवन को उपयोगी बनाता है, वही सही मायने में महामानव कहलाता है। महात्मा गांधी ने अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, सेवा और राष्ट्रधर्म के सिद्धांतों को अपनाकर पूरे मानव समाज को प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी ने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मानव समाज के लिए सेवा, त्याग और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। आज आवश्यकता है कि हम उनके सिद्धांतों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी उपयोगिता सिद्ध करें। इस अवसर पर पेंशनर धारी कल्याण संघ शाखा चारामा के अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, संगठन सचिव लीलाराम नेताम, सदस्य राम सेवक एवं कौमार्य सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने महात्मा गांधी के आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



सेवा संकल्प अभियान में हुई चित्रकला एवं भाषण स्पर्धा

दुर्गूकोंदल। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया, जिसमें माध्यमिक स्तर तथा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थी शामिल हुए।

नए बस स्टैंड की गांधी प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ द्वारा नए बस स्टैंड परिसर में गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को स्मरण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने समाज में शांति, सद्भाव और समानता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों महापुरुषों के विचार आज भी देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी अखिलेश चंदेल, शेख शरीफ कुरैशी, राकेश गुप्ता, प्रदीप तुरतुरिया, अभिषेक श्रीवास्तव, तोमेश जोशी, चन्द्रज्योत रामटेके, विकास सोनी, तुलसी राणा, विशाल फाफामारिया, कुलदीप खापर्डे, गुड्डा नेताम और सुजल निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष

मोबाइल चोरी के बाद...

दी। इन सभी लेनदेन में कुल 5,23,989.36 की राशि खाते से निकल गई। डिजेश कुमार को खाते से रकम निकाले जाने की जानकारी उस समय हुई, जब वे बैंक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी और चोरी हुए मोबाइल का दुरुपयोग कर बैंक खाते से निकाली गई रकम वापस दिलाने तथा अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के लिखित आवेदन के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टया धारा 303(2) एवं 318(4) बीएनएस के तहत अपराध घटित होना पाए जाने पर थाना कांकेर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब मोबाइल चोरी, बैंक खाते से हुए लेनदेन तथा जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, उनकी जानकारी जुटाकर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

नक्सलियों का डंप 20...

उन्होंने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांग की है बरामद 20 लाख रुपये की राशि से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि राशि किस टीम ने, किस स्थान से और किन परिस्थितियों में बरामद की थी तथा बरामदगी के बाद उसे किस प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखा गया।

तेज रफ्तार बाइक...

हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें धमतरी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। शिकायत पर पुलिस ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 8455 का चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर एनसीसी कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं विद्यालय के स्टाफ द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा महात्मा गांधी जी के प्रिय भजन ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान का सामूहिक गायन किया गया।

इसके साथ ही सभी ने स्वच्छता संबंधी शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन कर्नल सुमित शर्मा 8 छग (स्व) कंपनी कांकेर एवं विद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी प्रभारी भागीरथी नायक द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान, देश के प्रति समर्पण एवं उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह जैसे महान सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी देते हुए इन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को भी याद किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैडेट्स ने श्रमदान कर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।



पेंड्रावन में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

सरोना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा ग्राम पेंड्रावन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए गांव के सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर सार्वजनिक स्थानों की सफाई की तथा सड़क किनारे और आसपास एकत्र कचरे एवं अनावश्यक सामग्री को हटाया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की गई। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था।

खबर संक्षेप

अनुसूचित क्षेत्र के शिक्षकों–कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश देने की मांग

कोण्डागांव। अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शासन के प्रावधानों के अनुरूप 10 दिवस अतिरिक्त अर्जित अवकाश एवं 7 दिवस अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश प्रदान करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला कोण्डागांव ने जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि अनुसूचित क्षेत्रें में पदस्थ कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा अतिरिक्त अवकाश का प्रावधान किया गया है। संगठन ने संबंधित प्रावधानों के अनुसार पात्र शिक्षकों एवं कर्मचारियों को इसका नियमित लाभ देने की मांग की।

पोस्टरों में धड़का स्वस्थ दिल का संदेश, नर्सिंग छात्रों ने बताए हृदय को स्वस्थ रखने के उपाय

कोण्डागांव। विश्व हृदय दिवस पर आमजन में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 29 सितम्बर को स्वास्थ्य विभाग, जिला कोण्डागांव द्वारा शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, कोण्डागांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों ने रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टरों के माध्यम से स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हृदय रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता को पोस्टरों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

पलारी में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलारी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों एवं हितग्राहियों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ समुदाय में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सेवा संकल्प कार्यक्रम के उद्देश्य एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति समुदाय की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

रांधना में विद्यार्थियों को मिली 50 सीटर छात्रवास भवन की सौगात

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम रांधना में विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर आवासीय सुविधा की सौगात मिली। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवनिर्मित 50 सीटर प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम रांधना में 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन भी किया गया। नवनिर्मित छात्रवास भवन से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों को घर से दूर रहकर भी अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखने में सहुलियत मिलेगी।

नवोदय की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करें 15

कांकेर। जवाहर नवोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा में निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर करप के प्राचार्य अशोक बिसेन ने बताया कि कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवेश रिक्त सीटों के आधार पर आयोजित लेटरल एंट्री चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर 2 अक्टूबर को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

- विद्यालय परिसर और गार्डन की सफाई की, रंगोली व निबंध प्रतियोगिता हुई

जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों की साफ-सफाई की। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में स्थित गार्डन की भी सफाई की गई।

स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई के महत्व को समझा तथा नियमित रूप से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, उनके विचारों तथा देश के प्रति उनके योगदान को अपने शब्दों में प्रस्तुत किया।



छात्रों ने निकाली जनजागरूकता रैली

भजन और नारों के माध्यम से स्वच्छता, अहिंसा एवं सत्य का दिया संदेश



कोण्डागांव। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य एनके नायक एवं राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में इस अवसर पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जनजागरूकता रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने भजन–कीर्तन एवं प्रेरणादायी नारों के माध्यम से स्वच्छता, अहिंसा, सत्य एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि समाजसेवी मोहन कोटडिया ने गांधी चौक पहुंचकर पूजा–अर्चना की। उन्होंने विद्यार्थियों को फल वितरित किए तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शांति कौशल, बी. जान, राधेश्याम मांझी, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, हरिशंकर नेताम, शिवचरण मंडावी, निर्मल सिन्हा, लालजी मंडावी, संजय ढाली, अभिलाष निषाद, लक्ष्मण पोयाम, तुलेश निर्मलकर, ममता लकड़ा, मृदुला गायकवाड़ सुश्री उत्तरा साहू, तरन्नुम निशा, पूर्णिमा नाग, अंजु मिंज, सुश्री दीपलता मरकाम एवं सुश्री बिन्दु साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक–कर्मचारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेटों का विशेष योगदान रहा।

फरसगांव में स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों ने किया श्रमदान

फरसगांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छता दिवस पर नगर पंचायत फरसगांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा, सेवा संकल्प एवं सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर भीमा तालाब परिसर और अस्पताल मैदान में श्रमदान किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छ एवं सुंदर फरसगांव के निर्माण में सफाई मित्रों एवं स्वच्छता कर्मियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया।

जटायु शीला मंदिर में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश



फरसगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को उप वनमंडल एवं वन परिक्षेत्र फरसगांव द्वारा परिसर कॉलोनी और नेशनल हाईवे स्थित जटायु शीला मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में कोर्राबडगांव समिति के सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की। मंदिर परिसर एवं आसपास साफ-सफाई कर प्लास्टिक कचरा हटाया गया। साथ ही लोगों को परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

बृजेश तिवारी साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 10वां दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन बेमेतरा में 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित किया गया। सम्मेलन में कोण्डागांव अंचल का प्रतिनिधित्व प्रतिष्ठित साहित्यकार बृजेश कुमार तिवारी एवं मनीष कुमार मेश्राम ने किया और आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने साहित्यकार बृजेश कुमार तिवारी को उनके साहित्यिक योगदान तथा छत्तीसगढ़ी राजभाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पैरालीगल वॉलिंटियर्स को मिला साइबर अपराध से बचाव का प्रशिक्षण

कोण्डागांव। जिले के समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर्स के लिए एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पैरालीगल वॉलिंटियर्स को बढ़ते साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों तथा आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय उपस्थित रहीं। साइबर जागरूकता विशेषज्ञ एवं थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने पैरालीगल वॉलिंटियर्स को साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, फर्जी कॉल एवं संदेश, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान, फर्जी लिंक, ऑनलाइन बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान में होने वाली धोखाधड़ी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के उपाय भी समझाए गए।



उमरगांव जलाशय में मनाया गया सेवा संकल्प अभियान, जल संरक्षण का लिया संकल्प

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत उमरगांव जलाशय में जल चौपाल एवं जल संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं किसानों को जल संरक्षण, जल संचयन, बांध सुरक्षा तथा पानी के मितव्ययी उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व की जानकारी देते हुए वर्षा जल के संरक्षण, जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने तथा सिंचाई एवं दैनिक उपयोग में पानी की बचत करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए भविष्य में पानी की बर्बादी रोकने का संकल्प लिया। जल चौपाल के दौरान बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के प्रमुख प्रावधानों एवं नागरिकों की जिम्मेदारियों के संबंध में भी जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों और किसानों से जल संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जलाशय एवं उसके आसपास के प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने की अपील की गई।



राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मना

कोण्डागांव। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में इस वर्ष भी राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डीएस ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वज फहराने के साथ किया। इसके पश्चात उपस्थित छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। प्राचार्य डी.एस. ध्रुव एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एम.आर. नेताम ने स्वयंसेवकों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन नई दिल्ली में किया गया था। प्रारंभ में इसका संचालन शासकीय महाविद्यालयों से हुआ, जबकि वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी संचालित की जा रही हैं। वक्ताओं ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन, उपलब्धियों, शिक्षाप्रद गुणों एवं विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

अड़रापारा और मुंगबाड़ी के आंबा केंद्र में मिलन सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नगर के अड़रापारा एवं मुंगबाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी सेवाओं, बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य तथा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों तक पहुंचाई गई।

- बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना से की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली और बच्चों तथा महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की उपस्थिति, उनके पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र ठाकुर ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार आवश्यक है। बच्चों में कुपोषण की स्थिति न बने, इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाले पोषण आहार एवं अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास की नींव प्रारंभिक अवस्था में ही मजबूत होती है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका केवल बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास में भी इन केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पीएम श्री विद्यालय भाषण प्रतियोगिता

केशकाल। सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल के पीएम श्री विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक सरोकार, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। सेवा संकल्प अभियान के संयोजक प्रशांत पात्र ने कहा कि अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे, वह सराहनीय है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोधर सलाम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास के लिए भी अवसर मिलना चाहिए। भाषण प्रतियोगिताएं बच्चों में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं। पार्षद भूपेश चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थियों में



प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच और अवसर मिलना जरूरी है। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद सुदर्शन कुंजाम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा, चमन नाग,जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, खंड शिक्षा अधिकारी के एस पोया, बी आर सी बलराम नाग, कार्यक्रम का प्रभावी संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया।

कोरबिड़ पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

फरसगांव। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कोर्राबड़गांव में 2 अक्टूबर को अनिवार्य ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेश नेताम ने की। कार्यक्रम में सरपंच नरसू राम मंडावी, पूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंच एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जनपद पंचायत फरसगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम तथा विजय कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद जायसवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ग्राम सभा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में ग्राम विकास, पंचायत की प्राथमिक आवश्यकताओं, रोजगार एवं आजीविका से संबंधित गतिविधियों, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

महतारी वंदन योजना से निमेश्वरी को मिल रहा आर्थिक संबल

कोण्डागांव। महतारी वंदन योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ परिवार के भविष्य के लिए बचत करने में सहायक बन रही है। जिले की हितग्राही श्रीमती निमेश्वरी वैद्य को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। उनके लिए यह राशि घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य की बेहतर तैयारी का माध्यम बन रही है। निमेश्वरी वैद्य बताती हैं कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे छोटे–मोटे घरेलू खर्चों के लिए करती हैं।

टेबल टेनिस कोर्ट और अस्पताल में शेड निर्माण का भूमिपूजन

विधायक लता उसेण्डी ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

कोण्डागांव। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने बुधवार को कोण्डागांव में विभिन्न विकास कार्यों भूमिपूजन किया। उन्होंने जिला अस्पताल चिखलपुटी में 15 लाख की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके बाद एनसीसी मैदान के समीप खिलाड़ियों की सुविधा के लिए टेबल टेनिस कोर्ट निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि कोण्डागांव में खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ अधोसंरचना विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। टेबल टेनिस कोर्ट के निर्माण से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

विधायक ने कहा कि देश के खिलाड़ी एशियन गेम्स सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कबड्डी और



तीरंदाजी जैसे खेलों में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोण्डागांव का नाम रोशन करने की अपील की।

विधायक लता उसेण्डी ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत घरों में पौधे लगाने तथा सार्वजनिक स्थलों एवं भवनों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि विधायक लता उसेण्डी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्योंर् को गति मिली है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में टेबल टेनिस कोर्ट का निर्माण महत्वपूर्ण पहल है।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि टेबल टेनिस कोर्ट एवं भवन के निर्माण से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव खेल गतिविधियों के लिए एक बेहतर केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।



खबर संक्षेप



दुर्गूकोंदल में गांधी-शास्त्री जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

दुर्गूकोंदल। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके जीवन, संघर्ष, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और सामाजिक एकता के संदेश को याद किया गया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने अपने विचारों और कर्मों से देशवासियों को नई दिशा दी तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष धनेश नरेटी ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा का मार्ग आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और दृढ़ नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया।

चारामा में 11 से 20 अक्टूबर तक मनाएंगे शारदीय नवरात्रि

चारामा। श्री श्री नवदुर्गा सेवा समिति नगर पंचायत चारामा के तत्वावधान में इस वर्ष 56 वां शारदीय नवरात्र महोत्सव 11 से 20 अक्टूबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दस दिवसीय इस महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विविध सांस्कृतिक, महिला खेलकूद, भजन संध्या, गरबा, डांस प्रतियोगिता और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर को प्रतिपदा के अवसर पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना, देवी पूजा और विशेष महामाया आरती के साथ होगा। श्रद्धालुओं के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। समिति द्वारा घी ज्योति के लिए 1251 रुपए तथा तेल ज्योति के लिए 1151 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। 12 अक्टूबर को महिला खेलकूद एवं मनोरंजन प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ और मटका फोड़ जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 13 अक्टूबर को हीरेश सिन्हा नाइट्स तथा 14 अक्टूबर को गरबा नाइट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतिभागियों को विभिन्न पुरस्कारों के साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। 15 अक्टूबर को लोक रंग अर्जुन्दा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 16 अक्टूबर को स्वर माला म्यूजिकल ग्रुप चारामा की संगीत प्रस्तुति होगी। वहीं 17 अक्टूबर को राज्य स्तरीय डी.जे. डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी।

ग्रामीणों ने स्कूल-पंचायत भवन मार्ग की सफाई की, दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कोकानपुर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्थानीय ग्रामीणों ने हाथों में झाड़ू लेकर स्कूल एवं पंचायत भवन मार्ग के दोनों ओर साफ-सफाई की। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए सड़क किनारे फैली गंदगी, कचरा और अनावश्यक रूप से उगी घास-फूस को हटाकर आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया।

स्वच्छता अभियान के दौरान स्कूल एवं पंचायत भवन की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों किनारों की विशेष रूप से सफाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे जमा कचरे को हटाने के साथ ही घास-फूस की भी सफाई की गई। ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने तथा अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और बेहतर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार माना था। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान आयोजित कर उनके स्वच्छता संबंधी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सड़क, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ गांव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। अभियान के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।



स्कूल और पंचायत भवन जैसे सार्वजनिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई रहने से विद्यार्थियों, ग्रामीणों और राहगीरों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर सरपंच कली राम उयके, उपसरपंच योगिता राघवेन्द्र राजपूत, पंच रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, सहदेव मतलाम, पारसमणी जैन, खिलेश्वरी नेताम, पूर्णिमा साहू, उर्मिला केमरो, पदमा नाग, अमृता तेता, रेखा पिद्दा, हरबंस दरो, विक्की मंडावी, लता टेकाम, मंगलू राम, सालिक राम, नारद यदु, रोजगार सहायक रिंकू वर्मा, पंचायत सचिव मुन्ना यदु सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

अभियान : एक ही शिविर में स्वास्थ्य जांच और योजनाओं का लाभ

सेवा संकल्प अभियान में घर-घर पहुंचीं शासन की सेवाएं, हितग्राहियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय के मेलाभाठा मैदान में जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर के साथ ही मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति और अंतिम गांव तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि गांव का ऐसा व्यक्ति, जो किसी कारणवश शहर तक नहीं पहुंच पाता, उसके लिए प्रशासन स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर शिविर आयोजित कर रहा है और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिला रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान इसी भावना के साथ लोगों तक शासन की सेवाएं पहुंचाने का माध्यम बन रहा है।

शहर और आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा तो लोग कम बीमार पड़ेंगे। हमें नियमित साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, आंगन और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की आदत विकसित करे तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करे।



कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद अध्यक्ष पूर्णीमा कावड़े, महेश जैन, नगर पालिका उपाअध्यक्ष उत्तम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम सरस्वती बंजारे सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जिलेभर में हो रहे स्वास्थ्य शिविर

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय शिविरों में सेवा सेतु के साथ मेगा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी, विभागीय सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश और समाज की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

हितग्राहियों को मिली सफलता

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत 09 हितग्राहियों को गेंदा पौधा एवं 06 हितग्राहियों को फलदार पौधे, श्रम विभाग के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत कुमार चंचल को शिक्षा प्राप्त करने लिए 20 हजार, राजस्व विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को बी-1, खसरा, समाज कल्याण विभाग द्वारा 25 वरिष्ठजनों को छड़ी, 10 निःशक्तजन को व्हीलचेयर और 01 दिव्यांगजनों को बैसाखी सहायक उपकरण प्रदान किया गया। एक कुष्ठरोग के मरीज को एमसीआर चप्पल और सेल्फ केयर किट, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 03 माताओं की गोदभराई रस्म की अदायगी की गई।

गांधी जयंती पर साहू समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्रामीण साहू समाज छापरपारा द्वारा साहू सदन एवं मानस मंच परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

अभियान के दौरान समाज के सदस्यों ने साहू सदन एवं मानस मंच परिसर में फैले कचरे, झाड़ियों और अन्य गंदगी को हटाया। श्रमदान के माध्यम से परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित रहने वाला अभियान नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। ग्रामीण साहू समाज छापरपारा के अध्यक्ष चन्द्रभान साहू ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला माना था। उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए समाज द्वारा स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में लगातार सहभागिता की जा रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक और सामाजिक संगठन का भी दायित्व है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता और जागरूकता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। स्वच्छता अभियान में ग्रामीण साहू समाज छापरपारा के कोषाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, सचिव राकेश साहू, परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के सचिव लोकनाथ साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोमस साहू, संचालक मंडल अध्यक्ष खेमचंद साहू सहित बहुर राम साहू, तिलक साहू, कृष्णा साहू, लोकेश साहू, रोशन साहू, दीपचंद साहू एवं समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर छात्रों ने रैली निकाली, चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा शाउमावि में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करने के साथ ही रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

विद्यालय के प्राचार्य राजेश सिंह देव के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी एवं एनसीसी प्रभारी हेमलाल साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत में एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने परिसर में फैले कचरे को एकत्रित कर साफ-सफाई की और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सुनीता मिश्रा, शकुंतला ताराम, अल्का, तेजपाल मरकाम, खूबचंद साहू, जसवंत साहू, ज्ञान मिश्रा, प्रीति टेकाम एवं लोमेश्वरी सहित एनएसएस के दलनायक दुर्गेश साहू, दलनायिका गीतांजलि साहू तथा एनसीसी के एमन मंडावी उपस्थित रहे।



स्वच्छता को बनाया जिम्मेदारी का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस एवं एनसीसी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने, विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने स्वच्छता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।



गांधी-शास्त्री को विधायक सावित्री ने दी पुष्पांजलि व सेवा-समर्पण को याद किया

चारामा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा के तत्वाधान में विधायक निवास चारामा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी गांधी एवं शास्त्री के व्यक्तित्व और देश के प्रति योगदान को स्मरण किया।

विधायक सावित्री मंडावी ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और प्रेम के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उनका जीवन त्याग, सादगी और मानवता की सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी का जीवन सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, जिम्मेदारी और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

गांधी-शास्त्री जन्मदिन पर तालाकुर्रा में स्वच्छता अभियान व किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

जयंती के अवसर पर माता शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इसके साथ ही वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इनमें मुक्तिधाम में शेड निर्माण, आवासपारा में टीन शेड निर्माण तथा नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इन



कार्यों के पूरा होने से ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माता शीतला मंदिर परिसर में नीम का पौधा भी रोपित किया गया। इस अवसर पर सरपंच विनोद रावटे ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और ग्राम स्वराज का संदेश देकर देश को नई दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, त्याग और राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती मनाने का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना भी है। ग्राम का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी पंचायत की प्राथमिकता है।

उन्होंने ग्रामवासियों से स्वच्छ, सुंदर, हरित एवं विकसित तालाकुर्रा के निर्माण में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संजय जैन, ग्राम सभा अध्यक्ष गौतम गांवर, पंचगण चंद्रभान मरकाम, दयाराम सलाम, सुमित्रा नुरेटी, सगुना नुरेटी, संतोषी हिचामी, इंद्रावती कावड़े, कुमारी भंडारी, कविता टाड़िया, उपाध्यक्ष अश्वनी सोनी, सरिता साहू, देवकी नुरेटी, वरिष्ठ ग्रामीण नारायण सिंह जैन, झाड़ूराम नुरेटी, शिवप्रसाद यदु, समारु कुलदीप, मोहन जैन सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आंगन मिलन कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी दी

अंतागढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को आलानार सेक्टर अर्रा एवं बंडापाल के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य हेमलता गावड़े एवं प्रमिला मरापी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान ग्रामीणों को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मध्यम एवं कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रंगमंच, हैंडपंप और मंदिर में की साफ सफाई

गांधी जयंती पर सरगीकोट में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम सरगीकोट में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता और जनजागरूकता का संदेश दिया। माध्यमिक शाला के बच्चों ने शिक्षकों एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की।

स्वच्छता अभियान के दौरान बच्चों ने स्कूल परिसर के साथ-साथ गांव के रंगमंच, हैंडपंप, नलकूप, शीतला मंदिर सहित अन्य सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थानों की सफाई की। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान करते हुए



सार्वजनिक स्थानों पर फैले कचरे को एकत्र किया और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने तथा अपने आसपास नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। बच्चों ने संदेश दिया कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस या अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है। शिक्षकों ने बच्चों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि छोटी उम्र से ही बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी है। वहीं गांव के युवाओं ने भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। युवाओं द्वारा अभियान में शामिल सभी बच्चों को बिस्किट एवं मिक्सचर वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। गांधी जयंती पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, श्रमदान और सामुदायिक सहभागिता का संदेश मिला। बच्चों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीणों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा लोगों ने गांव में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित प्रयास करने का संकल्प लिया।

